SAMPLE CONTENT

# IQB
# IMPORTANT QUESTION BANK

Based on Latest Paper Pattern of Maharashtra State Board

## हिंदी लोकभारती



“IQB KE SAATH SSC EKDUM TENSION FREE”

STD. X

Target Publications® Pvt. Ltd.

महाराष्ट्र राज्य माध्यमिक व उच्च माध्यमिक शिक्षण मंडळ, पुणे - ०४
द्वारा निर्धारित **अद्ययावत पाठ्यपुस्तक** पर आधारित

# IQB Important Question Bank

दसवीं कक्षा

# हिंदी लोकभारती

**विशेषताएँ**

- बोर्ड की अद्ययावत कृतिपत्रिका प्रारूप पर आधारित
- कम समय में परीक्षा की समुचित तैयारी करने हेतु उपयुक्त
- अंक विभाजन व समय नियोजन के साथ कृतिपत्रिका प्रारूप का समावेश
- परीक्षा हेतु महत्त्वपूर्ण कृतियों का समावेश
- सरल भाषा शैली व उचित मार्गदर्शन हेतु उपयुक्त
- अभ्यास हेतु एक नमूना कृतिपत्रिका का समावेश
- भाषा अध्ययन (व्याकरण) के स्वाध्याय उत्तर सहित समाविष्ट
- मार्च २०१९ से जुलाई २०२३ तक की बोर्ड परीक्षाओं में पूछी गई महत्त्वपूर्ण कृतियों का समावेश
- कविताओं के भावार्थ बताने वाले वीडियोज् व नमूना कृतिपत्रिका की उत्तरपत्रिका का **QR Code** के माध्यम से समावेश
- स्वयं अध्ययन व मूल्यांकन हेतु उपयुक्त

Sample Content

मार्च २०२०, दिसंबर २०२०, मार्च २०२२, मार्च २०२३ और जुलाई २०२३ की बोर्ड कृतिपत्रिकाएँ व उत्तरपत्रिकाएँ देखने हेतु दिया गया QR Code स्कैन करें।

Printed at: **Print to Print,** Mumbai

© *Target Publications Pvt. Ltd.*
*No part of this book may be reproduced or transmitted in any form or by any means, C.D. ROM/Audio Video Cassettes or electronic, mechanical including photocopying; recording or by any information storage and retrieval system without permission in writing from the Publisher.*

Balbharati Registration No.: 2018MH0022

**TEID: 3272**

P.O. No. 10539

# प्रस्तावना

शैक्षणिक यात्रा के इस महत्त्वपूर्ण पड़ाव पर आपकी चिंता व चिंतन दोनों का बढ़ना स्वाभाविक है। विद्‌यार्थियों का मार्गदर्शन कर उन्हें सफल बनाने का बीड़ा **टार्गेट पब्लिकेशंस** ने उठाया है। इसी उद्‌देश्य की पूर्ति हेतु नई कृतिपत्रिका प्रारूप को आधार बनाकर **टार्गेट पब्लिकेशंस** द्‌वारा **IQB हिंदी लोकभारती : कक्षा दसवीं** की मार्गदर्शक पुस्तिका का निर्माण किया गया है। दसवीं कक्षा की बोर्ड परीक्षा को ध्यान में रखते हुए इस पुस्तिका में महत्त्वपूर्ण कृतियों का समावेश किया गया है।

इस पुस्तिका को कृतिपत्रिका प्रारूप के आधार पर क्रमशः विभाग १–गद्‌य, विभाग २–पद्‌य, विभाग ३–पूरक पठन, विभाग ४–भाषा अध्ययन (व्याकरण) व विभाग ५–उपयोजित लेखन में बाँटा गया है। यहाँ कृतिपत्रिका प्रारूप को अंक विभाजन व समय नियोजन के साथ शामिल किया गया है, जो बोर्ड परीक्षा में विद्‌यार्थियों के लिए बहुत लाभदायक सिद्‌ध होगा। विद्‌यार्थियों की सहजता के लिए विभागों को आवश्यकतानुसार कई खंडों में बाँटा गया है। विभाग १–गद्‌य को क्रमानुसार पठित परिच्छेद व अपठित परिच्छेद इन दो खंडों में बाँटा गया है। पठित परिच्छेद में पाठ्‌यपुस्तक के उन सभी पठित परिच्छेदों का समावेश किया गया है, जो परीक्षा के दृष्टिकोण से महत्त्वपूर्ण हैं। अपठित परिच्छेद में पाठ्‌यपुस्तक के बाहर से कुछ चुनिंदा परिच्छेद दिए गए हैं। पठित व अपठित सभी परिच्छेदों पर आधारित कृतियाँ उत्तर सहित दी गई हैं। विभाग २–पद्‌य में पाठ्‌यपुस्तक के सभी आवश्यक पद्‌यांशों को शामिल किया गया है। पद्‌यांशों पर आधारित कृतियों का उत्तर सहित समावेश किया गया है। विभाग ३–पूरक पठन में पाठ्‌यपुस्तक में पूरक पठन के अंतर्गत आए सभी गद्‌यों व पद्‌यों के महत्त्वपूर्ण परिच्छेदों व पद्‌यांशों को शामिल किया गया है। इन पर आधारित कृतियाँ उत्तर सहित दी गई हैं। विभाग ४–भाषा अध्ययन में पाठ्‌यक्रम को ध्यान में रखते हुए व्याकरण के सभी घटकों को शामिल किया गया है। व्याकरण संबंधी ज्ञान बढ़ाने के उद्‌देश्य से यहाँ विभिन्न घटकों की अधिकाधिक कृतियाँ उत्तर सहित दी गई हैं। इसके साथ ही यहाँ पर बोर्ड कृतिपत्रिका प्रारूप को ध्यान में रखते हुए भाषा अध्ययन (व्याकरण) के दो स्वाध्याय उत्तर सहित दिए गए हैं। विभाग ५–उपयोजित लेखन जो कृतिपत्रिका का अंतिम विभाग है, वह लेखन-कौशल की दृष्टि से बहुत ही उपयोगी है। इस विभाग में क्रमशः पत्र-लेखन, गद्‌य-आकलन (प्रश्न निर्मिति), वृत्तांत-लेखन, कहानी-लेखन, विज्ञापन-लेखन व निबंध-लेखन का समावेश किया गया है। इन सभी लेखन की शैलियों में विद्‌यार्थियों को निपुण बनाने के उद्‌देश्य से इनकी संक्षिप्त जानकारी देने के साथ ही उत्तर सहित पर्याप्त उदाहरण भी दिए गए

Sample Content

हैं। यहाँ मार्च २०१९ से मार्च २०२२ तक की बोर्ड परीक्षाओं में से चुनिंदा कृतियों को शामिल किया गया है। इसके साथ ही मार्च २०२३ व जुलाई २०२३ की बोर्ड परीक्षाओं की सभी कृतियों का समावेश किया गया है। परीक्षा की दृष्टि से प्रत्येक विभाग के अंतर्गत आने वाली कृतियों को सरलता से समझने के लिए ध्यान देने योग्य मुद्‌दों का जिक्र विभाग के शुरुआत में ही विस्तारपूर्वक किया गया है।

इस पुस्तिका के अंतर्गत परिच्छेदों, पद्‌यांशों आदि पर आधारित कृतियों का निर्माण कृतिपत्रिका के अनुसार निर्धारित अंकों के आधार पर किया गया है। विद्‌यार्थियों के अभ्यास व स्वयं मूल्यांकन हेतु इस पुस्तिका में एक नमूना कृतिपत्रिका को भी समाहित किया गया है, जिसकी उत्तरपत्रिका **QR Code** के माध्यम से उपलब्ध कराई गई है। विद्‌यार्थियों के मार्गदर्शन हेतु सभी कविताओं के भावार्थ के वीडियोज़् **QR Code** के माध्यम से उपलब्ध कराए गए हैं।

हमें पूर्ण विश्वास है कि यह पुस्तिका कम समय में बोर्ड परीक्षा की तैयारी करने व विद्‌यार्थियों का मार्गदर्शन कर उन्हें सफलता दिलाने का सशक्त माध्यम सिद्‌ध होगी। पुस्तिका की उत्कृष्टता बढ़ाने के लिए आपके अमूल्य सुझाव आमंत्रित हैं। हमारा ई-मेल पता है: mail@targetpublications.org

**उज्ज्वल भविष्य की ढेरों शुभकामनाएँ!**

**प्रकाशक**

**संस्करण :** चौथा

**Disclaimer**

This reference book is transformative work based on 'हिंदी लोकभारती; चौथा पुनर्मुद्रण: २०२२' published by the Maharashtra State Bureau of Textbook Production and Curriculum Research, Pune. We the publishers are making this reference book which constitutes as fair use of textual contents which are transformed by adding and elaborating, with a view to simplify the same to enable the students to understand, memorize and reproduce the same in examinations.

This work is purely inspired upon the course work as prescribed by the Maharashtra State Bureau of Textbook Production and Curriculum Research, Pune. Every care has been taken in the publication of this reference book by the Authors while creating the contents. The Authors and the Publishers shall not be responsible for any loss or damages caused to any person on account of errors or omissions which might have crept in or disagreement of any third party on the point of view expressed in the reference book.

© reserved with the Publisher for all the contents created by our Authors.

No copyright is claimed in the textual contents which are presented as part of fair dealing with a view to provide best supplementary study material for the benefit of students.

Sample Content

# कृतिपत्रिका का प्रारूप

| विभाग १ | गद्‌य |
|---|---|

| | | | कुल अंक | समय नियोजन |
|---|---|---|---|---|
| **प्र.१.** | **अ.** | **पठित गद्‌यांश** | | १५ मिनट |
| | १. | आकलन कृति | ०२ अंक | |
| | २. | आकलन कृति | ०२ अंक | |
| | ३. | शब्दसंपदा | ०२ अंक | |
| | ४. | अभिव्यक्ति | ०२ अंक | |
| | | | **०८ अंक** | |
| **प्र.१.** | **आ.** | **पठित गद्‌यांश** | | १५ मिनट |
| | १. | आकलन कृति | ०२ अंक | |
| | २. | आकलन कृति | ०२ अंक | |
| | ३. | शब्दसंपदा | ०२ अंक | |
| | ४. | अभिव्यक्ति | ०२ अंक | |
| | | | **०८ अंक** | |
| **प्र.१.** | **इ.** | **अपठित गद्‌यांश** | | १० मिनट |
| | १. | आकलन कृति | ०२ अंक | |
| | २. | अभिव्यक्ति | ०२ अंक | |
| | | | **०४ अंक** | |

| विभाग २ | पद्‌य |
|---|---|

**सूचना – एक मध्ययुगीन और एक आधुनिक रचना का चयन आवश्यक है।**

| | | | कुल अंक | समय नियोजन |
|---|---|---|---|---|
| **प्र.२.** | **अ.** | **पठित पद्‌यांश** | | १० मिनट |
| | १. | आकलन कृति | ०२ अंक | |
| | २. | शब्दसंपदा | ०२ अंक | |
| | ३. | सरल अर्थ | ०२ अंक | |
| | | | **०६ अंक** | |

Sample Content

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| **प्र.२.** | **आ.** | **पठित पद्यांश** | | १० मिनट |
| | १. | आकलन कृति | ०२ अंक | |
| | २. | शब्दसंपदा | ०२ अंक | |
| | ३. | सरल अर्थ | ०२ अंक | |
| | | | **०६ अंक** | |

| **विभाग ३** | **पूरक पठन** |
|---|---|

| | | | **कुल अंक** | **समय नियोजन** |
|---|---|---|---|---|
| **प्र.३.** | **अ.** | **पठित गद्यांश** | | १० मिनट |
| | १. | आकलन कृति | ०२ अंक | |
| | २. | अभिव्यक्ति | ०२ अंक | |
| | | | **०४ अंक** | |
| **प्र.३.** | **आ.** | **पठित पद्यांश** | | १० मिनट |
| | १. | आकलन कृति | ०२ अंक | |
| | २. | अभिव्यक्ति | ०२ अंक | |
| | | | **०४ अंक** | |

| **विभाग ४** | **भाषा अध्ययन (व्याकरण)** |
|---|---|

| | | | **कुल अंक** | **समय नियोजन** |
|---|---|---|---|---|
| **प्र.४.** | **सूचनाओं के अनुसार कृतियाँ कीजिए :** | | | |
| | १. | शब्दभेद – संज्ञा, सर्वनाम, विशेषण पहचानना | ०१ अंक | |
| | २. | दो अव्यय शब्दों में से किसी एक शब्द का वाक्य में प्रयोग करना | ०१ अंक | |
| | ३. | संधि (दो में से कोई एक पहचानना, विच्छेद करना, संधि शब्द बनाना) | ०१ अंक | |
| | ४. | दो में से कोई एक सहायक क्रिया पहचानना तथा उसका मूल रूप लिखना | ०१ अंक | |

Sample Content

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | ५. | दो में से किसी एक प्रेरणार्थक क्रिया का प्रथम तथा द्‌वितीय रूप लिखना | ०१ अंक | |
| | ६. | मुहावरे का चयन अथवा मुहावरे का अर्थ और वाक्य में प्रयोग करना | ०१ अंक | |
| | ७. | कारक – पहचानना और भेद लिखना | ०१ अंक | |
| | ८. | विरामचिह्‌न – वाक्य में प्रयोग | ०१ अंक | |
| | ९. | तीन में से दो वाक्यों का काल परिवर्तन | ०२ अंक | |
| | १०. | वाक्य के भेद | ०२ अंक | |
| | ११. | वाक्य शुद्‌ध करना | ०२ अंक | |
| | | | **१४ अंक** | ३० मिनट |

| **विभाग ५** | **रचना विभाग (उपयोजित लेखन)** |
|---|---|

| | | | **कुल अंक** | **समय नियोजन** |
|---|---|---|---|---|
| **प्र. ५.** | **सूचना के अनुसार लिखिए** | | | |
| | **अ.** | १. पत्र-लेखन | ०५ अंक | १५ मिनट |
| | | २. गद्‌य-आकलन | ०४ अंक | |
| | **आ.** | १. वृत्तांत-लेखन<br>**अथवा**<br>कहानी-लेखन (मुद्‌दों के आधार पर) | ०५ अंक | २५ मिनट |
| | | २. विज्ञापन-लेखन | ०५ अंक | |
| | **इ.** | निबंध-लेखन | ०७ अंक | २० मिनट |
| | | | **२६ अंक** | |
| | | To Review and Re-checking | **-** | **१० मिनट** |
| | | **कुल अंक** | **८० अंक** | **१८० मिनट** |

Sample Content

# विषय-सूची


| | विभाग १ - गद्य | पृष्ठ क्र. |
|---|---|---|
| प्र.१. (अ) व (आ) | पठित परिच्छेद | १ |
| प्र.१. (इ) | अपठित परिच्छेद | ३५ |
| **विभाग २ - पद्य** | | |
| प्र.२. (अ) व (आ) | पठित पद्यांश | ४३ |
| **विभाग ३ - पूरक पठन** | | |
| प्र.३. (अ) | पठित परिच्छेद | ६५ |
| प्र.३. (आ) | पठित पद्यांश | ७६ |
| **विभाग ४ - भाषा अध्ययन (व्याकरण)** | | |
| प्र.४ | व्याकरण कृतियाँ | ८२ |
| • | व्याकरण स्वाध्याय | १०६ |
| • | व्याकरण स्वाध्याय - उत्तर | ११० |
| **विभाग ५ - उपयोजित लेखन** | | |
| प्र.५. (अ) | पत्र-लेखन | ११३ |
| | गद्य-आकलन (प्रश्न निर्मिति) | १२६ |
| प्र.५. (आ) | वृत्तांत-लेखन | १३० |
| | कहानी-लेखन | १३७ |
| | विज्ञापन-लेखन | १४३ |
| प्र.५. (इ) | निबंध-लेखन | १४९ |
| **नमूना कृतिपत्रिका** | | १६७ |


**निर्देश :** १. विद्यार्थियों की सुविधा हेतु पाठों के क्रमांक पाठ्यपुस्तक के आधार पर ही रखे गए हैं।

२. पाठ्यपुस्तक की कृतियों को * द्वारा दर्शाया गया है।

३. विद्यार्थियों की सुविधा हेतु गद्य, पद्य व पूरक पठन के अंतर्गत दिए गए परिच्छेदों व पद्यांशों को क्रमानुसार रखा गया है।

Sample Content

Sample Content

विभाग १

# गद्य

## प्र. १. (अ) व (आ) : पठित परिच्छेद

### निर्देश

बोर्ड की कृतिपत्रिका में **प्र. १. (अ) व (आ)** में कुल **दो पठित** परिच्छेद **१६ अंकों** के लिए पूछे जाएँगे। प्रत्येक परिच्छेद **८ अंकों** के लिए होगा।

- पाठ्यपुस्तक से लगभग **१३०** से **१५०** शब्दों का परिच्छेद दिया जाएगा।
- परिच्छेद पर आधारित कुल चार कृतियाँ पूछी जाएँगी।

**१- आकलन कृति** **२ अंक**

**व**

**२- आकलन कृति** **२ अंक**

इनमें संजाल पूर्ण कीजिए, आकृति पूर्ण कीजिए, कृति कीजिए, प्रवाह तालिका पूर्ण कीजिए, एक शब्द में उत्तर लिखिए, परिणाम लिखिए, कारण लिखिए, सही अथवा गलत लिखिए, गलत वाक्यों को सही करके लिखिए, घटनाओं को उनके उचित क्रम में लिखिए जैसी कृतियाँ पूछी जाएँगी।

**३- शब्द संपदा** **२ अंक**

इसमें समानार्थी, विलोम, पर्यायवाची, शब्दयुग्म, लिंग, वचन, अनेक शब्दों के लिए एक शब्द, उपसर्ग, प्रत्यय, कृदंत, तद्धित, समोच्चारित मराठी-हिंदी शब्द, भिन्नार्थक शब्द आदि पर आधारित कृतियाँ पूछी जाएँगी।

**४- अभिव्यक्ति** **२ अंक**

इसमें विद्यार्थी के आकलन व वैचारिक क्षमता पर आधारित एक कृति होगी। विद्यार्थी अपने व्यावहारिक जीवन अर्थात परिवेश, परिवार, समाज, विद्यालय, मित्र आदि के संपर्क में आकर जो ज्ञान प्राप्त करते हैं, उसी के आधार पर उन्हें इस कृति का उत्तर लिखना होगा। अतः प्रश्न को ध्यान से पढ़कर समझें और फिर उसका उत्तर लिखें।

**ध्यान दें :**

- उत्तर लिखने से पहले प्रत्येक परिच्छेद को कम-से-कम **दो बार** ध्यान से पढ़ें।
- सूचना के अनुसार आकलन कृतियों के उत्तर **आकृतियों** में ही लिखें।

Sample Content

- आकृतियाँ बनाने व उत्तर लिखने के लिए **पेन** का ही उपयोग करें।
- वाक्यों को पूर्ण करना, पंक्तियाँ पूर्ण करना जैसी कृतियों में पूरा वाक्य लिखकर उत्तर को **अधोरेखांकित** करें।
- शुद्ध व स्पष्ट लेखन अपेक्षित है।
- जितना संभव हो गलतियाँ करने से बचें।

## पहली इकाई


### पाठ २. लक्ष्मी

**परिच्छेद १**

**प्र.१.(अ) व (आ). निम्नलिखित पठित परिच्छेद पढ़कर सूचनाओं के अनुसार कृतियाँ कीजिए :**

**[उस दिन लड़के ....................................... कमर सिंकवाते रहोगे।”]**

***१. संजाल पूर्ण कीजिए :** (२)




**२. i. एक शब्द में उत्तर लिखिए :** (१)

१. लड़के ने तैश में आकर किसकी पीठ पर चार डंडे बरसा दिए थे ?

२. कौन दो-चार दिनों से अस्वस्थ था ?

***ii. कारण लिखिए :** (१)

रमजानी ने करामत अली को रोगन दिया।

**३. i. निम्नलिखित शब्दों में से उपसर्ग अलग करके नए शब्द लिखिए :** (१)

१. अस्वस्थ     २. बेदर्दी

**ii. निम्नलिखित शब्दों के समानार्थी शब्द लिखिए :** (१)

१. गऊ     २. हस्त

**४. ‘महँगाई से बढ़ती परेशानी’, इस संदर्भ में अपने विचार व्यक्त कीजिए।** (२)

Sample Content

**उत्तर :**

**प्र. १.(अ) व (आ).**

**१.**

मार के कारण लक्ष्मी के व्यवहार में आया परिवर्तन

- **वह बड़ी भयभीत और घबराई थी।**
- **उछलती-कूदती थी।**
- **जो भी उसके पास जाता वह सिर हिला उसे मारने की कोशिश करती थी।**
- **गले की रस्सी तोड़कर खूँटे से आजाद होने का प्रयास करती थी।**

[**निर्देश :** आगे के गद्यांशों व पद्यांशों में आकृतियों के उत्तर आकृतियों में नहीं देते हुए क्रमांकानुसार दिए जा रहे हैं। बोर्ड परीक्षा में आकृतियों में उत्तर लिखना अपेक्षित है।]

**२.** i. १. लक्ष्मी    २. करामत अली

ii. लक्ष्मी की पीठ पर चोट लगी थी, इसलिए रमजानी चाहती थी कि लक्ष्मी को दर्द से राहत मिल जाए।

**३.** i. १. स्वस्थ    २. दर्दी

ii. १. गाय    २. हाथ

**४.** आज महँगाई के कारण सभी लोग परेशान हैं। बढ़ती महँगाई के कारण लोग जरूरी सामान भी खरीद नहीं पा रहे हैं। परिवार की देखभाल भी सही ढंग से नहीं हो पा रही है। हमारे देश में ऐसे कई लोग हैं, जो बेरोजगारी का शिकार हैं। कई परिवार गरीबी रेखा के नीचे हैं, जो अपना भरण-पोषण सही तरीके से नहीं कर पा रहे हैं। अत: सरकार को महँगाई को कम करने के लिए उचित कदम उठाने चाहिए। जरूरत की चीजों के दाम कम करने चाहिए, जिससे गरीबों की परेशानी कम हो सके।

**परिच्छेद २**

**प्र. १.(अ) व (आ). निम्नलिखित पठित परिच्छेद पढ़कर सूचनाओं के अनुसार कृतियाँ कीजिए :**

**[ज्ञान सिंह को मवेशी ....................................... कहीं चली जाऊँगी।"]**

***१. संजाल पूर्ण कीजिए :** (२)

**परिच्छेद से प्राप्त ज्ञान सिंह संबंधी जानकारी**

☐ ☐ ☐ ☐

Sample content

***२. i. उत्तर लिखिए :** (१)

[ ] — **ज्ञान सिंह के दूध बेचने का उद्‌देश्य** — [ ]

**ii. गलत वाक्य, सही करके लिखिए :** (१)

१. करामत अली पिछले चार वर्षों से गाय की सेवा करता चला आ रहा था।

२. करामत अली को लक्ष्मी की पीठ पर रोगन लगाने के बाद इत्मीनान हुआ।

**३. *i. हिंदी-मराठी में समोच्चारित शब्द के भिन्न अर्थ लिखिए :** (१)

चारा = अ. _______ ब. _______

**ii. निम्नलिखित शब्दों के वचन बदलकर लिखिए :** (१)

१. गलियाँ २. समस्या

***४. पालतू जानवरों के साथ किए जाने वाले सौहार्दपूर्ण व्यवहार के बारे में अपने विचार लिखिए।** (२)

**उत्तर :**

**प्र. १.(अ) व (आ).**

**१.** १. ज्ञान सिंह को मवेशी पालने का बहुत शौक था।

२. तीन बरस पहले उसने एक जर्सी गाय खरीदी थी।

३. गाय से प्राप्त दूध को बेचना ज्ञान सिंह का धंधा नहीं था।

४. नौकरी से अवकाश के बाद ज्ञान सिंह को कंपनी का मकान खाली करना था।

**२.** i. १. लक्ष्मी का जरूरत से ज्यादा दूध देना।

२. लक्ष्मी के चारे व दर्रे के लिए पैसे जुटाना।

ii. १. करामत अली पिछले एक वर्ष से गाय की सेवा करता चला आ रहा था।

२. करामत अली को लक्ष्मी की पीठ पर रोगन लगाने के बाद भी इत्मीनान नहीं हुआ।

**३.** i. अ. जानवरों का भोजन (हिंदी) ब. पर्याय (मराठी)

ii. १. गली २. समस्याएँ

**४.** पशु-पक्षियों व मनुष्यों के मध्य बहुत पुराना रिश्ता है। प्राचीन समय से ही मनुष्य पशु-पक्षियों को पालता आ रहा है और इन्हें अपने परिवार के सदस्य की तरह प्यार भी करता रहा है। भरा-पूरा परिवार होने के बावजूद भी पालतू पशुओं का अपना एक अलग महत्त्व होता है। मनुष्य और पशु-पक्षियों का संबंध बिना किसी स्वार्थ के होता है। दुनिया में ढेरों लोग हैं, जो पशु-पक्षियों से बेहद प्रेम करते हैं। वे उन्हें अपने घर-परिवार का हिस्सा मानते हैं। पालतू पशु भी अपने मालिक के प्रति हमेशा वफादार रहते हैं। वे जरूरत पड़ने पर अपनी जान को खतरे में डालकर अपने मालिक की सहायता भी करते हैं।

Sample content

परिच्छेद ३

**प्र. १.(अ) व (आ). निम्नलिखित पठित परिच्छेद पढ़कर सूचनाओं के अनुसार कृतियाँ कीजिए :**

**[दूसरे दिन................................................... इस बुढ़िया को।"]**

१. **संजाल पूर्ण कीजिए :** [मार्च २०१९] (२)

**लक्ष्मी को छोड़े गए स्थान की विशेषताएँ**

२. i. **एक/दो शब्दों में उत्तर लिखिए :** (१)

१. कौन लक्ष्मी को देखकर आश्चर्यचकित हो गए ?

२. करामत अली ड्यूटी से कब लौटा ?

ii. **ऐसा प्रश्न तैयार कीजिए जिसका उत्तर निम्नलिखित शब्द हो :** (१)

आगंतुक

३. **निम्नलिखित शब्द के दो अलग-अलग अर्थ लिखकर उनका अर्थपूर्ण वाक्य में प्रयोग कीजिए :** [दिसंबर २०२०] (२)

| | शब्द | अर्थ | वाक्य |
|---|---|---|---|
| i. | चारा | ....... | ....... |
| ii. | चारा | ....... | ....... |

४. **'जानवरों की देखभाल करना आवश्यक है', इस संदर्भ में अपने विचार लिखिए।**

**अथवा**

**'जानवरों के प्रति हमदर्दी' विषय पर अपने विचार लिखिए।** [मार्च २०१९] (२)

Sample Content

**उत्तर :**

**प्र. १.(अ) व (आ).**

१. १. इलाके से बाहर था। २. वहाँ नाला बहता था।
३. वहाँ झाड़-झंखाड़ था। ४. कहीं दूब के कारण जमीन हरी नजर आती थी।

२. i. १. माँ-बेटे २. दोपहर बाद

ii. रमजानी चुप खड़ी किसकी बातें सुनती रही ?

३. i. चारा - उपाय

**वाक्य :** जमीन को बेचने के अतिरिक्त कंगाल रामू के पास अन्य कोई चारा न था।

ii. चारा-पशु का भोजन

**वाक्य :** राजू ने बैलों के सामने चारा रख दिया।

४. मनुष्य की तरह जानवर भी इस दुनिया का एक हिस्सा हैं। आज दुनिया में बेज़ुबान जानवरों के साथ बहुत बुरा व्यवहार किया जा रहा है। हम यह भूल जाते हैं कि जानवर भी सुख-दुख का एहसास करते हैं। वे काफी हद तक मनुष्यों पर निर्भर हैं, खासकर पालतू जानवर। अत: प्रत्येक मनुष्य को इन बेज़ुबान जानवरों के प्रति मानवता की भावना बनाए रखनी चाहिए। बूढ़े जानवरों से छुटकारा पाने के लिए उन्हें खुले में नहीं छोड़ना चाहिए। खुले में घूम रहे जानवरों को सरकार द्वारा बनाए गए पशुशाला में ले जाना चाहिए, जिससे वहाँ उनकी उचित देखभाल हो सके।

## पाठ ३. वाह रे! हमदर्द

**परिच्छेद ४**

**प्र. १.(अ) व (आ). निम्नलिखित पठित परिच्छेद पढ़कर सूचनाओं के अनुसार कृतियाँ कीजिए :**

**[आँख खुली तो............................................ भरती होना दुर्घटना।]**

**१. i. आकृति पूर्ण कीजिए :** (१)

एक टाँग — **लेखक के टाँगों की स्थिति** — दूसरी टाँग

१     २

**ii. आकृति पूर्ण कीजिए :** (१)

घटना — **लेखक के अनुसार** — दुर्घटना

१     २

**२. ऐसे प्रश्न तैयार कीजिए जिनके उत्तर निम्नलिखित शब्द हों :** (२)

१. प्राइवेट     २. पैर

**३. i. निम्नलिखित शब्दों में उपसर्ग जोड़कर नए शब्द बनाइए :** (१)

१. होश     २. समय

**ii. निम्नलिखित शब्दों के समानार्थी शब्द परिच्छेद में से खोजकर लिखिए :** (१)

१. पग     २. ईश्वर

**४. 'दुर्घटना का कारण : लापरवाही या संयोग', इस विषय पर अपने विचार लिखिए।** (२)

**उत्तर :**

**प्र. १.(अ) व (आ).**

१. i. १. अपनी जगह सही सलामत थी।

२. रेत की थैली के सहारे एक स्टैंड पर लटक रही थी।

Sample Content

ii. १. टाँग टूटना
   २. सार्वजनिक अस्पताल में भरती होना

२. १. लेखक सार्वजनिक अस्पताल के कौन-से वार्ड में भरती था ?
   २. लेखक के शरीर का कौन-सा अंग फ्रैक्चर हुआ था ?

३. i. १. बेहोश    २. असमय
   ii. १. पैर    २. परमात्मा

४. वह घटना जिससे हमें नुकसान पहुँचता है, वह हमारे लिए दुर्घटना बन जाती है। हमारी लापरवाही के कारण ही हमारे साथ दुर्घटना होती है। कभी-कभी दूसरों की लापरवाही के कारण भी हमारे साथ दुर्घटना हो सकती है। मान लें कि फुटपाथ पर चल रहे व्यक्ति को ट्रकवाले ने टक्कर मार दी। इस दुर्घटना का पहला कारण ट्रक चालक का शराब पीने के कारण गाड़ी पर नियंत्रण खोना ; दूसरा कारण ट्रक में तकनीकी समस्या आना (ब्रेक फेल) और तीसरा कारण सड़क पार करते हुए व्यक्ति को बचाने की कोशिश भी हो सकती है। अत: स्थिति के अनुसार ही यह बताया जा सकता है कि दुर्घटना का कारण लापरवाही है या संयोग।

**परिच्छेद ५**

**प्र. १.(अ) व (आ). निम्नलिखित पठित परिच्छेद पढ़कर सूचनाओं के अनुसार कृतियाँ कीजिए :**

**[मुहल्लेवाले अपनी फुरसत ...................................... तक काँप गया।]**

***१. आकृति में लिखिए :** (२)

**अस्पताल में आए सोनाबाई के बच्चों की शरारतें**

☐ ☐ ☐ ☐

**२. ऐसे प्रश्न तैयार कीजिए जिनके उत्तर निम्नलिखित शब्द हों :** (२)

i. मुहल्लेवाले    ii. सोनाबाई

**३. चौखट में दी गई सूचना के अनुसार कृति पूर्ण कीजिए :** (२)

१. लिंग परिवर्तन **[मार्च २०२२]**

४. विलोम — **बच्चा** — २. समानार्थी

३. वचन परिवर्तन **[मार्च २०२२]**

***४. मरीज से मिलने जाते समय कौन-कौन-सी सावधानियाँ बरतनी चाहिए, लिखिए।**

**[मार्च २०२२]** (२)

Sample Content

**उत्तर :**

**प्र.१.(अ) व (आ).**

**१.** १. एक कुर्सी पर चढ़ा।
२. दूसरा मेज पर चढ़ा।
३. छोटी लड़की दवा की शीशी लेकर कथकली डांस करने लगी और अंततः उसने शीशी पटक दी।
४. एक लड़का लेखक की टाँग के साथ लटक रही रेती की थैली पर बॉक्सिंग की प्रैक्टिस कर रहा था।

**२.** i. कौन अपनी फुरसत से आते हैं?
ii. लेखक से मिलने चार बच्चों के साथ कौन आई?

**३.** १. बच्ची  २. शिशु  ३. बच्चे  ४. बूढ़ा


**४.** मरीज से मिलने का समय निश्चित होता है। अतः निश्चित समय पता करके ही मिलने जाना चाहिए। मरीज की जरूरत के अनुसार अपने साथ फल व आवश्यक सामग्री लेकर जाना चाहिए। हमेशा ध्यान रखें कि बच्चों को साथ न ले जाएँ। यदि बच्चों को ले जाना पड़े, तो उन्हें मरीज से दूर रखें। इससे संक्रमण का खतरा कम होता है। इसके अलावा बच्चों की शरारत से मरीज को भी परेशानी नहीं होती है। मरीज से ज्यादा बातें नहीं करनी चाहिए। डॉक्टर, वॉर्ड बॉय, नर्स व अस्पताल के कर्मचारियों के कार्य में बाधा न पड़े, इसका खयाल रखना चाहिए। इस प्रकार शिष्टाचार व अनुशासन का पालन करते हुए हमें मरीज से मिलने जाना चाहिए।

**परिच्छेद ६**

**प्र.१.(अ) व (आ). निम्नलिखित पठित परिच्छेद पढ़कर सूचनाओं के अनुसार कृतियाँ कीजिए :**

**[कुछ लोग तो ................................................ पैसे दे दिए थे।]**

**१. संजाल पूर्ण कीजिए :** (२)




**२.*i. कारण लिखिए :** (१)
लेखक को अधिक गुस्सा अपनी पत्नी पर आया –

**ii. सही विकल्प चुनकर वाक्य पूर्ण कीजिए :** (१)
१. औपचारिकता निभाने की हद कर देते हैं, विशेषकर वे रिश्तेदार जो दूसरे.....
अ. शहरों से मिलने आते हैं।  ब. गाँवों से मिलने आते हैं।
क. देशों से मिलने आते हैं।

Sample Content

२. गुप्ता जी का कमरा शायद.....
अ. ऊपर है। ब. नीचे है। क. बगल में है।

**३. i. निम्नलिखित शब्दों में से प्रत्यय अलग करके नए शब्द बनाइए :** (१)
१. औपचारिकता २. कारवाला

**ii. निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द परिच्छेद में से खोजकर लिखिए :** (१)
१. शहर २. शत्रु

**४. सार्वजनिक अस्पतालों के बारे में आठ से दस वाक्य लिखिए।** (२)

**उत्तर :**

**प्र.१.(अ) व (आ).**

**१.** १. सिर २. मुँह ३. गरदन ४. आँख

**निर्देश :** इस कृति के उत्तर के कुछ अन्य विकल्प निम्नलिखित हैं :
१. छाती २. दिल

**२.** i. गाँव से आए आदमी को रोता देख लेखक की पत्नी ने उसे लेखक का रिश्तेदार या करीबी मित्र समझकर टैक्सीवाले को पैसे दे दिए थे।
ii. १. औपचारिकता निभाने की हद कर देते हैं, विशेषकर वे रिश्तेदार जो दूसरे **गाँवों से मिलने आते हैं।**
२. गुप्ता जी का कमरा शायद **बगल में है।**

**३.** i. १. औपचारिक २. कार
ii. १. गाँव २. मित्र

**४.** सार्वजनिक अस्पताल सरकार द्‌वारा बनाए गए अस्पताल हैं। इन अस्पतालों का निर्माण व संचालन केंद्र सरकार, राज्य सरकार आदि द्‌वारा किया जाता है। ऐसे अस्पताल गरीबों के लिए वरदान होते हैं। यहाँ पर कोई भी व्यक्ति अपना इलाज कम पैसों में करा सकता है। मरीज की समस्या चाहे गंभीर हो या सामान्य डॉक्टर उसके इलाज के लिए हमेशा तत्पर रहते हैं। यहाँ पर मरीज की देखभाल व इलाज के लिए एक ही समय पर कई डॉक्टर, परिचारिकाएँ व वॉर्ड ब्वॉय रहते हैं। ये अस्पताल आधुनिक सुविधाओं से लैस होते हैं। ऐसे अस्पतालों में सुरक्षा व्यवस्था पर भी अधिक ध्यान दिया जाता है।

## पाठ ५. गोवा : जैसा मैंने देखा

**परिच्छेद ७**

**प्र.१.(अ) व (आ). निम्नलिखित पठित परिच्छेद पढ़कर सूचनाओं के अनुसार कृतियाँ कीजिए :** **[मार्च २०२०]**

**[कुछ देर बाद ............................................... समेटे हुए हैं।]**

Sample Content

**१. संजाल पूर्ण कीजिए :** (२)

**गोवा राज्य**
- दो भाग
  - ............. १
  - ............. २
- राजधानी
  - ............. ३
- नदी
  - ............. ४

**२. उत्तर लिखिए :** (२)

गद्यांश में उल्लेखित नदी की विशेषताएँ

i. ____________________

ii. ____________________

**३. i. निम्नलिखित शब्दों के लिए गद्यांश में प्रयुक्त विलोम शब्द ढूँढ़कर लिखिए :** (१)

१. अनौपचारिक २. छाँव

**ii. गद्यांश से अंग्रेजी शब्द ढूँढ़कर लिखिए :** (१)

१. ____________________ २. ____________________

***४. 'पर्यटन ज्ञान वृद्धि का साधन' विषय पर २५ से ३० शब्दों में अपने विचार लिखिए।** (२)

**उत्तर :**

**प्र. १.(अ) व (आ).**

**१.** १. दक्षिण गोवा जिला २. उत्तर गोवा जिला

३. पणजी ४. मांडवी

**२.** i. काफी बड़ी है। ii. वर्षभर पानी से भरी रहती है।

**३.** i. १. औपचारिक २. धूप

ii. १. रिसॉर्ट २. स्यूट

**४.** पर्यटन का तात्पर्य है नए-नए स्थानों पर जाना। पर्यटन के माध्यम से लोग नई-नई जगहों पर रहने वाले लागों के बारे में जानते हैं। वहाँ रहने वाले लोगों की सभ्यता-संस्कृति के बारे में जानकारी मिलती है। इससे नई-नई बोली-भाषा की जानकारी मिलती है। नए-नए स्थानों की भौगोलिक परिस्थितियों व वहाँ के खान-पान और रहन-सहन की जानकारी भी मिलती है। ये सभी जानकारियाँ इंसान के ज्ञान में वृद्धि करती हैं। इसी कारण ऐसा कहा जाता है कि पर्यटन ज्ञान वृद्धि का साधन है।

Sample Content

Page no. 11 to 167are purposely left blank. To see complete chapter buy **Target Notes.**

Sample Content

# नमूना कृतिपत्रिका

**समय : ३ घंटे** **कुल अंक : ८०**

**सूचनाएँ :**

१. सूचना के अनुसार गद्‍य, पद्‍य, पूरक पठन, भाषा अध्ययन (व्याकरण) की आकलन कृतियों में आवश्यकता के अनुसार आकृतियों में ही उत्तर लिखना अपेक्षित है।
२. सभी आकृतियों के लिए पेन का ही प्रयोग करें।
३. उपयोजित लेखन में पूछे गए प्रश्नों के उत्तर के लिए आकृतियों की आवश्यकता नहीं है।
४. शुद्‍ध, स्पष्ट एवं सुवाच्य लेखन अपेक्षित है।

---

## विभाग १ – गद्‍य

**२० अंक**

**प्र.१. (अ) निम्नलिखित पठित परिच्छेद पढ़कर सूचनाओं के अनुसार कृतियाँ कीजिए :** **[८]**

करामत अली इधर दो-चार दिनों से अस्वस्थ था। लेकिन जब उसने यह सुना कि रहमान ने गाय की पीठ पर डंडे बरसाए हैं तो उससे रहा नहीं गया। वह किसी प्रकार चारपाई से उठकर धीरे-धीरे चलकर बथान में आया। आगे बढ़कर उसके माथे पर हाथ फेरा, पुचकारा और हौले-से उसकी पीठ पर हाथ फेरा। लक्ष्मी के शरीर में एक सिहरन-सी दौड़ गई।

"ओह ! कंबख्त ने कितनी बेदर्दी से पीटा है।"

उसकी बीबी रमजानी बोली– "लो, चोट की जगह पर यह रोगन लगा दो। बेचारी को आराम मिलेगा।"

करामत अली गुस्से में बोला– "क्या अच्छा हो अगर इसी लाठी से तुम्हारे रहमान के दोनों हाथ तोड़ दिए जाएँ। कहीं इस तरह पीटा जाता है ?"

रमजानी बोली– "लक्ष्मी ने आज भी दूध नहीं दिया।"

"तो उसकी सजा इसे लाठियों से दी गई ?"

"रहमान से गलती हो गई, इसे वह भी कबूलता है।"

रमजानी कुछ क्षण खड़ी रही फिर वहाँ से हटती हुई बोली– "देखो, अपना ख्याल रखो। पाँव इधर-उधर गया तो कमर सिंकवाते रहोगे।"

**१. संजाल पूर्ण कीजिए :** **(२)**

**परिच्छेद में आए शरीर के अंग**

☐ ☐ ☐ ☐

Sample Content

२. **विज्ञापन-लेखन :** **(५)**

रिलैक्स कंपनी की आराम कुर्सियों के लिए ५० से ६० शब्दों में आकर्षक विज्ञापन तैयार कीजिए।

**प्र.५.(इ) निबंध-लेखन :** **(७)**

**निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर लगभग ८० से १०० शब्दों में निबंध लिखिए :**

१. नदी किनारे दो घंटे

२. भ्रष्टाचार : एक अभिशाप

३. फटी पुस्तक की आत्मकथा

Sample Content

[नमूना कृतिपत्रिका की उत्तरपत्रिका प्राप्त करने के लिए दिए गए **Q. R. Code** को स्कैन करें।]

# AVAILABLE NOTES FOR STD. X:
(Eng., Mar. & Semi Eng. Medium)

## PERFECT SERIES
- English Kumarbharati
- मराठी अक्षरभारती
- हिंदी लोकभारती
- हिंदी लोकवाणी
- आमोद: सम्पूर्ण-संस्कृतम्
- आनन्द: संयुक्त-संस्कृतम्
- History and Political Science
- Geography
- Mathematics (Part - I)
- Mathematics (Part - II)
- Science and Technology (Part - 1)
- Science and Technology (Part - 2)

## PRECISE SERIES
- Science and Technology (Part - 1)
- Science and Technology (Part - 2)
- History, Political Science and Geography

## PRECISE SERIES
- My English Coursebook
- मराठी कुमारभारती
- इतिहास व राज्यशास्त्र
- भूगोल
- गणित (भाग - I)
- गणित (भाग - II)
- विज्ञान आणि तंत्रज्ञान (भाग - १)
- विज्ञान आणि तंत्रज्ञान (भाग - २)

## WORKBOOK
- English Kumarbharati
- मराठी अक्षरभारती
- हिंदी लोकभारती
- Mathematics (Part - I)
- Mathematics (Part - II)
- My English Coursebook
- मराठी कुमारभारती

## Additional Titles: (Eng., Mar. & Semi Eng. Med.)
- Grammar & Writing Skills Books (Std. X)
  - Marathi • Hindi • English
- Hindi Grammar Worksheets
- 3 in 1 Writing Skills
  - English (HL) • Hindi (LL) • Marathi (LL)
- 3 in 1 Grammar (Language Study) & Vocabulary
  - English (HL) • Hindi (LL) • Marathi (LL)
- SSC 54 Question Papers & Activity Sheets With Solutions
- आमोद:(सम्पूर्ण-संस्कृतम्) – SSC 11 Activity Sheets With Solutions
- हिंदी लोकवाणी (संयुक्त), संस्कृत-आनन्द: (संयुक्तम्) – SSC 12 Activity Sheets With Solutions
- IQB (Important Question Bank)
- Mathematics Challenging Questions
- Geography Map & Graph Practice Book
- A Collection of Board Questions With Solutions




Scan the QR code to buy e-book version of Target's Notes on Quill - The Padhai App

Visit Our Website

Target Publications® Pvt. Ltd.
Transforming lives through learning.

**Address:**
B2, 9th Floor, Ashar, Road No. 16/Z,
Wagle Industrial Estate, Thane (W)- 400604

**Tel:** 88799 39712 / 13 / 14 / 15
**Website:** www.targetpublications.org
**Email:** mail@targetpublications.org




Explore our range of Std. X Question Bank Books